# होमगार्डस स्वयंसेवकों एवं अवैतनिक पदाधिकारियों के डियूटी भत्ता/प्रशिक्षण भत्ता/वर्दी भत्ता से संबंधित शासनादेश/मुख्यालय के आदेश

| क्र0 सं0 | दिनांक | शासनादेश/मुख्यालय के आदेश संख्या- | विवरण | **पृष्ठ संख्या** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 04-07-1980 | शासनादेश-491/27-4(14) एच0जी0/79 | डियूटी/प्रशिक्षण के दौरान घायल/अस्वस्थ होमगार्डस स्वयंसेवकों को अपरिहार्य उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती रहने की अवधियों में डियूटी/प्रशिक्षण भत्ते का भुगतान। | **05** |
| 2 | 16-09-2014 | शासनादेश-18/1783/छ:नासु-14-258होगा/81 | होमगार्डस स्वयंसेवकों का डियूटी भत्ता दिनांक- 01-09-2014 से रू0, 200/- से 225/- किये जाने के संबंध में। | **06** |
| 3 | 29-04-2015 | शासनादेश-36/2015/320/छ: नासु-15-258होगा/81 | अर्न्तजनपदीय डियूटियों में नियोजित होमगार्डस को दिनांक- 01-04-2015 से रूपये,25/- अतिरिक्त डियूटी भत्ता दिये जाने के संबंध में। | **08** |
| 4 | 23-07-2015 | शासनादेश-52/2015/1160/छ: नासु-15/71होगा/04 | विभिन्न सार्वजनिक उद्‍यम/स्थानीय निकायों, शैक्षणिक संस्थाओं, शासकीय तथा अर्धशासकीय संस्थाओं में कामर्शियल डियूटी पर नियोजित होमगार्डस स्वयंसेवकों को सामान्य डियूटी भत्ते के अतिरिक्त तत्काल प्रभाव से रू**0** 10/- दर से प्रतिदिन प्रति होमगार्ड अधिक भुगतान किये जाने के संबंध में। | **10** |
| 5 | 26-02-2016 | शासनादेश-4/2016/5/2015/462/95-2016-322होगा/04 | अवैतनिक अधिकारियों के मानदेय में दिनांक- 01-04-2016 से वृद्‍धि, पुनरिक्षित मानदेय प्रतिमाह -अवैतनिक कम्पनी कमाण्डर 1260/-, अवैतनिक सहायक कम्पनी कमाण्डर 980/- अवैतनिक प्लाटून कमाण्डर 840/- भुगतान किये जाने के संबंध में। । | **11** |
| 6 | 20-07-2016 | शासनादेश-31/2016/1476/95-16 -258होगा/81 | अर्न्तजनपदीय डियूटियों में नियोजित होमगार्डस को दिनांक- 01-07-2016 से रूपये,30/- अतिरिक्त डियूटी भत्ता दिये जाने के संबंध में। | **13** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | 08-12-2016 | शासनादेश-58/2016/2576/95-16 -258होगा/81 | होमगार्डस स्वयंसेवकों का डियूटी भत्ता रू0 300/- से बढ़ाकर 375/- किये जाने के संबंध में। | **15** |
| 8 | 15-03-2017 | शासनादेश-02/2017/406/95-17-258होगा/81 | अर्न्तजनपदीय डियूटियों में नियोजित होमगार्डस को दिनांक- 01-11-2016 से रूपये,30/- अतिरिक्त डियूटी भत्ता दिये जाने के संबंध में। | **16** |
| 9 | 17-07-2018 | शासनादेश-29/2018/1191/95-18-245होगा/12 | कुम्भ मेला 2019 में नियोजित होमगार्डस को रूपये,80/- प्रतिदिन प्रति होमगार्ड भोजन भत्ता दिये जाने के संबंध में। | **18** |
| 10 | 27-08-2018 | शासनादेश-32/2018/1671/95-18 -258होगा/81 | होमगार्डस स्वयंसेवकों का डियूटी भत्ता रू0 375/- से बढ़ाकर 500/- किये जाने के संबंध में। | **20** |
| 11 | 18-06-2019 | शासनादेश-19/2019/469/95-19 -245होगा/81 | होमगार्डस स्वयंसेवकों का प्रशिक्षण भत्ता रू0 200/- से बढ़ाकर 260/- किये जाने के संबंध में। | **21** |
| 12 | 23-09-2019 | शासनादेश-59/2019/1834/पन्चानबे-19-46रिट/15टी0सी0।।। | होमगार्डस स्वयंसेवकों का डियूटी भत्ता पुलिस कार्मिकों के समान रू0, 18000/- को 30 दिवस के माह के आधार पर प्रतिदिन रूपये 600/- एवं इसमें शासन द्वारा समय-समय पर निर्धारित मंहगाई भत्ते को जोड़ते हुए अनुमन्य किये जाने के संबंध में। | **23** |
| 13 | 22-10-2019 | शासनादेश-2025/पन्चानवे-19-258होगा/81 | अर्न्तजनपदीय डियूटियों में नियोजित होमगार्डस को रूपये,30/- अतिरिक्त डियूटी एवं विभिन्न सार्वजनिक उद्यम/स्थानीय निकायों, शैक्षणिक संस्थाओं, शासकीय तथा अर्धशासकीय संस्थाओं में कामर्शियल डियूटी पर नियोजित होमगार्डस स्वयंसेवकों को सामान्य डियूटी भत्ते के अतिरिक्त तत्काल प्रभाव से रू**0** 10/- दर से प्रतिदिन प्रति होमगार्ड भत्ता यथावत दिये जाने के संबंध में। | **25** |
| 14 | 13-12-2019 | शासनादेश 69/2019/949/पन्चानवे-2019- | अवैतनिक अधिकारियों के मानदेय में तत्काल प्रभाव से वृद्धि, पुनरिक्षित मानदेय प्रतिमाह -अवैतनिक कम्पनी कमाण्डर 1490/-, अवैतनिक सहायक कम्पनी कमाण्डर | **26** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 322होगा/01 | 1160/- अवैतनिक प्लाटून कमाण्डर 990/- भुगतान किये जाने के संबंध में। । | |
| 15 | 27-04-2020 | शासनादेश-22/2020/624/95-2020-390होगा/97 | शासकीय/अर्धशासकीय सेवा में कार्यरत कार्मिकों को होमगार्डस स्वयंसेवक /अवैतनिक अधिकारी के रूप में कार्य करने पर केवल एक विभाग/सेवा के सापेक्ष भुगतान किये जाने के संबंध में। | **27** |
| 16 | 19-05-2020 | शासनादेश-24/2020/847/95-2020 | होमगार्डस के कोरोना कोविड-19 से संक्रमित होने पर कोरेनटाइन/आईसोलेट होने पर उन्हें डियूटीरत मानते हुए डियूटी भत्ते का भुगतान किये जाने के संबंध में। | **29** |
| 17 | 17-07-2020 | शासनादेश-35/2020/847/95-2020 | कोरोना डियूटी में लगे होमगार्डस स्वयंसेवकों को अन्तर्जनपदीय संचरण की स्थिति में अतिरिक्त रूप से रू0,100/-प्रतिदिन प्राति होमगार्ड भोजन भत्ता दिये जाने के संबंध में। | **31** |
| 18 | 22-10-2020 | शासनादेश-42/2020/1708/95-2020 | होमगार्डस स्वयंसेवक /अवैतनिक अधिकारी के डियूटी के दौरान वीरतापूर्वक कर्तव्य पालन में घायल होने पर अस्पताल में भर्ती रहने की अवधि के पाश्चात मुख्यचिकित्सा अधिकारी/ चिकित्या अधीक्षक द्वारा स्वस्थ्य घोषित होने तक या 06 माह की अवधि जो भी कम हो के लिये डियूटी पर मानते हुए डियूटी भत्ते का भुगतान किये जाने के संबंध में। | **33** |
| 19 | 15-12-2020 | शासनादेश-50/2020/2525/पन्चानवे-2020-322होगा/2001 | अवैतनिक अधिकारियों को अनिवार्यरूप से प्रतिमाह डियूटी भत्ते के साथ ही मानदेय का भी भुगतान किये जाने के संबंध में। | **34** |
| 20 | 09-02-2021 | शासनादेश-05/2021/234/पन्चानवे-2021-169होगा/2000 टी0सी0 | होमगार्डस स्वयंसेवकों /अवैतनिक अधिकारियों को वर्दी के स्थान पर प्रत्येक तीन वर्ष में एक बार रू0-3000/-वर्दी भत्ता दिये जाने के संबंध में। | **36** |
| 21 | 11-05-2022 | शासनादेश-17/2022/2182/प | वाहय प्रतिस्ठानों में होमगार्डस की डियूटी नियोजित किये किये जाने के लिये न्यूनतम 06 माह के डियूटी भत्ते का | **37** |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | न्चानबे-2021-46रिट/15टी0सी0।।। | का अनुमानित अग्रिम राशि प्राप्त किये जाने के संबंध में। में। | |
| 22 | 22-06-2022 | शासनादेश-21/2022/1403/पन्चानबे-2022-300होगा/01टी0सी0 | गृह विभाग में आरक्षियों की रिक्तियों के सापेक्ष उनके स्थान पर तैनात 25000 होमगार्ड एवं यू0पी0-112 में तैनात 8996 होमगार्ड के डियूटी भत्ते का भुगतान होमगार्डस विभाग के मानक मद-02 मजदूरी से करने के संबंध मे। | **39** |
| 23 | 01-07-2022 | शासनादेश-28/2022/959/95-2022/606होगा/08 पार्ट-1 | होमगार्डस स्वयंसेवकों /अवैतनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण भत्ते को डियूटी भत्ते के समतुल्य किये जाने के संबंध में। | **40** |
| 24 | 04-11-2022 | शासनादेश-52/2022/1906/पन्चावे-1099/61/2020 | प्रशिक्षण भत्ते की अधिकतम 20 प्रतिशत धनराशि भोजन एवं अन्य आवश्यक मदों में व्यय किये जाने की स्वीकृति के संबंध में। | **42** |
| 25 | 30-11-2022 | शासनादेश-58/2022/2416/पन्चावे-1001(001)/3/2020 | यू0पी0-112 में वाहन चालक के रूप में नियोजित होमगार्डस स्वयंसेवकों को डियूटी भत्तों के अतिरिक्त रू0-150/- मानदेय दिये जाने के संबंध में। | **44** |

प्रेषक,

श्री चितरंजन दास उपाध्याय,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

प्रेषित,

कमाण्डेन्ट जनरल,
होमगार्ड्स,
उत्तर प्रदेश,
लखनऊ।

नागरिक सुरक्षा अनुभाग लखनऊ दिनांक: जुलाई 04, 1980

विषय: ड्यूटी/प्रशिक्षण के दौरान घायल/अस्वस्थ, होमगार्ड स्वयंसेवकों को अपरिहार्य उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती रहने की दशा में ड्यूटी/प्रशिक्षण भत्ते का भुगतान।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय ने अवैतनिक होमगार्ड्स स्वयं सेवकों के ड्यूटी अथवा प्रशिक्षण के दौरान घायल अथवा अस्वस्थ हो जाने पर अपरिहार्य उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती रहने की दशा में उन्हें अस्पताल में भर्ती रहने की अवधियों में प्रशिक्षण अथवा ड्यूटी पर जैसी भी स्थिति हो माने जाने और तदनुसार उन्हें ड्यूटी/प्रशिक्षण भत्ता दिये जाने की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उपरोक्त आदेशों के कार्यान्यवन में उक्त समस्त शर्तों के पूरा किये जाने के बारे में विशेष सावधानी बर्ती जानी चाहिये।

यह आदेश वित्त विभाग की सहमति से जो उनके अ0 शासकीय सं0 1931/दस-80 दिनांक 04-06-1980 द्वारा प्राप्त कर ली गई है, जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय

(चितरंजन दास उपाध्याय)
संयुक्त सचिव

सं0 491/27-4(14) एच0जी0/79

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली।
3- महानिदेशक नागरिक सुरक्षा, भारत सरकार नई दिल्ली।
4- कमाण्डेन्ट, केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, होमगार्ड्स, लखनऊ।
5- डिवीजनल कमाण्डेन्ट, होमगार्ड्स, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
6- समस्त जिला कमाण्डेन्ट/कमाण्डेन्ट, जि0प्र0के0/नगर कमाण्डेन्ट, होमगार्ड्स, उत्तर प्रदेश।

संख्या-18/1783/छ:नासु-14-258 होगा/81

प्रेषक,

सुनील कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महासमादेष्टा,
होमगार्डस, उ0प्र0,
लखनऊ।

होमगाड्र्स अनुभाग लखनऊ दिनांक 16 सितम्बर, 2014

विषय: होमगार्डस स्वयंसेवकों के ड्यूटी भत्तों में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-2587/सात-146/2005 (पार्ट-1), दिनांक 06.01.2014 एवं पत्र संख्या-850/लेखा/सात-146/2005 (पार्ट-1), दिनांक 11.07.2014 तथा शासनादेश संख्या-सी0एम0-275/छ:नासु-12-258 होगा/81 दिनांक 29.01.2013 के अनुक्रम मे मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि होमगार्डस स्वयंसेवकों के वर्तमान पारिश्रमिक दर रूपये 200/- में रूपये 25/- की वृद्धि करते हुये रूपये 225/- (रूपये दो सौ पच्चीस मात्र) प्रतिदिन प्रति होमगार्ड किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. उक्त वृद्धि दिनांक 01.09.2014 से लागू होगी।

3. उपर्युक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2014-15 की अनुदान संख्या-74 के लेखाशीर्षक "2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-आयोजनेत्त्र-107-होमगार्डस-03-सामान्य अधिष्ठान की मानक मद 02-मजदूरी" के नामे डाला जायेगा।

[redacted] आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-12-1402/दस-2014, दिनांक 04 [redacted] 2014 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय
ह/0
(सुनील कुमार)
अनु सचिव।

........2

ftp://shasanadesh.up.nic.in

........2........

<u>संख्या-18/1783(1)/छःनासु-14 तददिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, आडिट/लेखा (प्रथम/द्वितीय) उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. निदेशक, कोषागार, उ0प्र0, लखनऊ।
3. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12
5. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
6. समस्त मण्डलीय कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, उ0प्र0।
7. समस्त जिला कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, उ0प्र0।
8. बजट सहायक/गार्ड बुक।

आज्ञा से,<br>
ह/0<br>
(सुनील कुमार)<br>
अनु सचिव।

http://Shasanadesh.up.nic.in

<u>संख्या-36/2015/320/छ:नासु-15-258 होगा/81</u>

प्रेषक,

स्वामी नाथ पाण्डेय,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महासमादेष्टा,
होमगार्डस, उ0प्र0,
लखनऊ।

होमगाड्र्स अनुभाग लखनऊ दिनांक 29 अप्रैल, 2015

विषय: अन्तर्जनपदीय ड्यूटियों पर नियोजित होने वाले होमगार्डस स्वयंसेवकों को अतिरिक्त ड्यूटी भत्ता स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-2534/लेखा/सात-146/2005 (पार्ट-1), दिनांक 29.01.2015 एवं शासनादेश संख्या-175/छ:नासु-12-258 होगा/81 दिनांक 29.01.2013 के अनुक्रम मे मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय, होमगार्डस स्वयंसेवकों के ड्यूटी भत्ता रू0 230/- में रूपये 25/- (रूपये पच्चीस मात्र) प्रतिदिन प्रति होमगार्ड की वृद्धि करते हुये अन्तर्जनपदीय ड्यूटी पर नियोजित होने वाले होमगार्डस स्वयंसेवकों को रूपया 255/- (रूपया दो सौ पच्चपन मात्र) प्रतिदिन प्रति होमगार्ड किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. उक्त वृद्वि दिनांक 01 अप्रैल, 2015 से प्रभावी होगी।

3. उपर्युक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2015-16 की अनुदान संख्या-74 के लेखाशीर्षक "2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-आयोजनेत्त्र-107-होमगार्डस-03-सामान्य अधिष्ठान की मानक मद 02-मजदूरी" के नामे डाला जायेगा।

उक्त आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-12-588/दस-2015, दिनांक 23 अप्रैल, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

(स्वामी नाथ पाण्डेय)
उप सचिव।

........2

http://shasanadesh.up.nic.in

........2........

संख्या-36/2015/320(1)/छ:नासु-15 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी तथा लेखा आडिट (प्रथम/द्वितीय) उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. निदेशक, कोषागार, उ0प्र0, लखनऊ।
3. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12
5. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
6. समस्त मण्डलीय कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, उ0प्र0।
7. समस्त जिला कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, उ0प्र0।
8. निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
9. बजट सहायक/गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(स्वामी नाथ पाण्डेय)
उप सचिव।

http://Shasanadesh.up.nic.in

संख्या-52/2015/1160/छ:नासु-15-71 होगा/04

प्रेषक

भूपेन्द्र सिंह,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महासमादेष्टा,
होमगार्डस, उ0प्र0,
लखनऊ।

होमगार्ड अनुभाग लखनऊ, दिनांक 23 जुलाई, 2015

विषय : विभिन्न सार्वजनिक उद्यम/स्थानीय निकायों, शैक्षणिक संस्थाओं, शासकीय तथा अर्द्ध शासकीय संस्थाओं में कामर्शियल डयूटी पर नियोजित होमगार्डस स्वयंसेवकों के पारिश्रमिक के भुगतान के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या 383/लेखा/सात-54/2004 (पार्ट-1) दिनांक 13.5.2015 तथा शासनादेश संख्या-927/छ:नासु-13-71 होगा/04 दिनांक 04.7.2013 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि होमगार्डस स्वयंसेवकों को पारिश्रमिक दर जो भी तत्समय प्रचलित हो की भांति विभिन्न सार्वजनिक उद्यम/स्थानीय निकायों, शैक्षणिक संस्थाओं, शासकीय तथा अर्द्ध शासकीय संस्थाओं में (कामर्शियल प्रतिष्ठानों) में नियोजित होने वाले होमगार्डस स्वयंसेवकों को सामान्य डयूटी भत्ते के अतिरिक्त कामर्शियल डयूटी भत्ते की धनराशि में तात्कालिक प्रभाव से रू0 10/- प्रतिदिन प्रति होमगार्ड अधिक भुगतान किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-12-935/दस-2015, दिनांक 21 जुलाई, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(भूपेन्द्र सिंह)
प्रमुख सचिव।

संख्या-52/2015/1160(1)/छ:नासु-15, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. महालेखाकार, आडिट/लेखा (प्रथम/द्वितीय) उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. निदेशक, कोषागार, उ0प्र0, लखनऊ।
3. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12
5. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
6. समस्त मण्डलीय कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, उ0प्र0।
7. समस्त जिला कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, उ0प्र0।
8. निदेशक/प्रभारी, निकनेट सेल, उ0प्र0 योजना भवन लखनऊ।
9. बजट सहायक/गार्ड बुक।

आज्ञा से,
ह/0
(सुनील कुमार)
अनु सचिव।

Http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-4/2016/5/2016/462/95-2016-322होगा/04

प्रेषक,

स्वामी नाथ पाण्डेय,
उप सचिव,
उ0प्र0 शासन

सेवा में,

महासमादेष्टा,
होमागाडर्स,
उ0प्र0 लखनऊ।

होमगार्डस अनुभाग                                        लखनऊ, दिनांक 26 फरवरी, 2016

विषय- अवैतनिक कम्पनी कमाण्डर, सहायक कम्पनी कमाण्डर एवं प्लाटून कमाण्डर के मानदेयो में व़द्वि किये जाने के संबध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र सं0-2077/लेखा/सात'145/2014 एवं शासनादेश संख्या- 2674/छ:नासु-12-322होगा/01 दिनांक 12 फरवरी, 2013, के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय होमगार्डस विभाग के अवैतनिक कम्पनी कमाण्डर, अवैतनिक सहायक कम्पनी कमाण्डर तथा अवैतनिक प्लाटून कमाण्डर के मानदेय को निम्नवत् पुनरीक्षित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

| | वर्तमान मानदेय | पुनरीक्षित मानदेय |
|---|---|---|
| (1) अवैतनिक कम्पनी कमाण्डर | रू0 900/-प्रतिमाह | रू0 1260/-प्रतिमाह |
| (2) अवैतनिक सहायक कम्पनी कमाण्डर | रू0 700/-प्रतिमाह | रू0 980/-प्रतिमाह |
| (3) अवैतनिक प्लाटून कमाण्डर | रू0 600/-प्रतिमाह | रू0 840/-प्रतिमाह |

2. उक्त पुनरीक्षित दरें वित्तीय वर्ष 2016-17 में 01 अप्रैल, 2016 से लागू होंगी।

[redacted] यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-12-212/दस-2016 दिनांक [redacted]फरवरी, 2016 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किए जा रहे हैं।

भवदीय,

स्वामी नाथ पाण्डेय
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

-2-

संख्या-4/2016/5/2016/462/95-2016-322होगा/04-तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12
3. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1
4. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
5. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

सुनील कुमार
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या-31/2016/1476/95-16-258 होगा/81

प्रेषक,

स्वामी नाथ पाण्डेय,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महासमादेष्टा,
होमगार्डस, उ0प्र0,
लखनऊ।

होमगाड्र्स अनुभाग                                    लखनऊ दिनांक 20 जुलाई, 2016

विषय: अन्तर्जनपदीय ड्यूटियों पर नियोजित होने वाले होमगार्डस स्वयंसेवकों को अतिरिक्त ड्यूटी भत्ता स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-4579/लेखा/सात-146/2005 (पार्ट-1), दिनांक 03 मार्च, 2016 एवं शासनादेश संख्या-36/2015/320/छ:नासु-15-258 होगा/81 दिनांक 29.04.2015 के अनुक्रम मे मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय, होमगार्डस स्वयंसेवकों के अन्तर्जनपदीय ड्यूटी पर नियोजित होने वाले होमगार्डस स्वयंसेवकों को दैनिक ड्यूटी भत्ता रू0 300/- के अतिरिक्त रूपये 30/- (रूपये तीस मात्र) अर्थात रूपया 330/- प्रतिदिन प्रति होमगार्ड किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. उपर्युक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2016-17 की अनुदान संख्या-74 के लेखाशीर्षक "2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-आयोजनेत्तर-107-होमगार्डस-03-सामान्य अधिष्ठान की मानक मद 02-मजदूरी" के नामे डाला जायेगा।

उक्त आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-12-819/दस-2016, दिनांक 15 जुलाई, 2016 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

(स्वामी नाथ पाण्डेय)
संयुक्त सचिव।

........2

http://shasanadesh.up.nic.in

........2........

<u>संख्या-31/2016/1476(1)/95-16 तददिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, आडिट/लेखा (प्रथम/द्वितीय) उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. समस्त कोषाधिकारी, उ0प्र0।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12
5. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
6. समस्त मण्डलीय कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, उ0प्र0।
7. समस्त जिला कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, उ0प्र0।
8. गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(सुनील कुमार)
अनु सचिव।

http://Shasanadesh.up.nic.in

संख्या-58/2016/2576/पन्चानवे-16-258 होगा/81

प्रेषक,

स्वामी नाथ पाण्डेय,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महासमादेष्टा,
होमगार्डस, उ0प्र0,
लखनऊ।

होमगार्डस अनुभाग                                    लखनऊ दिनांक 08 दिसम्बर, 2016

विषय: होमगार्डस स्वयंसेवकों के ड्यूटी भत्तों में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-02/2016/269/95-16-258 होगा/81, दिनांक 04.02.2016 के अनुक्रम मे मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि होमगार्डस स्वयंसेवकों के वर्तमान पारिश्रमिक दर रूपये 300/- में रूपये 75/- की वृद्धि करते हुये रूपये 375/- (रूपये तीन सौ पचहत्तर मात्र) प्रतिदिन प्रति होमगार्ड किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं। उक्त वृद्धि दिनांक 01.11.2016 से लागू होगी।

2. उपर्युक्त पर होने वाला व्यय होमगार्डस विभाग की अनुदान संख्या-74 के सुसंगत लेखाशीर्षक से वहन किया जायेगा।

उक्त आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-12-1391/दस-2016, दिनांक 08 दिसम्बर, 2016 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय
ह/0
(स्वामी नाथ पाण्डेय)
संयुक्त सचिव।

संख्या-58/2016/2576(1)/पन्चानवे-16 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, आडिट/लेखा (प्रथम/द्वितीय) उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. निदेशक, कोषागार, उ0प्र0, लखनऊ।
3. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12
5. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
6. समस्त डिप्टी कमाण्डेण्ट जनरल/समस्त मण्डलीय कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, उ0प्र0।
7. समस्त जिला कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, उ0प्र0।
8. बजट सहायक/गार्ड बुक।

आज्ञा से,
ह/0
(स्वामी नाथ पाण्डेय)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-02/2017/406/पन्चानबे-17-258 होगा/81

प्रेषक,

स्वामी नाथ पाण्डेय,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महासमादेष्टा,
होमगार्डस, उ0प्र0,
लखनऊ।

होमगार्डस अनुभाग | लखनऊ दिनांक 15 मार्च, 2017

विषय: अन्तर्जनपदीय ड्यूटियों पर नियोजित होने वाले होमगार्डस को अतिरिक्त ड्यूटी भत्ता स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-3529/लेखा/सात-146/2005 (पार्ट-1), दिनांक 12.01.2017 एवं शासनादेश संख्या-31/2016/1476/95-16-258 होगा/81 दिनांक 20.07.2016 के अनुक्रम मे मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय, होमगार्डस स्वयंसेवकों के अन्तर्जनपदीय ड्यूटी पर नियोजित होने वाले होमगार्डस स्वयंसेवकों को देय दैनिक ड्यूटी भत्ता रू0 375/- के अतिरिक्त रूपये 30/- (रूपये तीस मात्र) अर्थात रूपया 405/- प्रतिदिन प्रति होमगार्ड दिनांक 01.11.2016 से किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. उपर्युक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2016-17 की अनुदान संख्या-74 के लेखाशीर्षक "2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-आयोजनेत्तर-107-होमगार्डस-03-सामान्य अधिष्ठान की मानक मद 02-मजदूरी" के नामे डाला जायेगा।

उक्त आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-12-186/दस-2017, दिनांक 23 फरवरी, 2017 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय

(स्वामी नाथ पाण्डेय)
संयुक्त सचिव।

........2

http://shasanadesh.up.nic.in

........2........

<u>संख्या-02/2017/406(1)/पन्चानबे-17 तददिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, आडिट/लेखा (प्रथम/द्वितीय) उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. समस्त कोषाधिकारी, उ0प्र0।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12
5. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
6. समस्त मण्डलीय कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, उ0प्र0।
7. समस्त जिला कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, उ0प्र0।
8. गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(सुनील कुमार)
अनु सचिव।

http://Shasanadesh.up.nic.in

<u>संख्या-29/2018/1191/पन्चानवे-18-245 होगा/12</u>

प्रेषक,

सत्येन्द्र कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महासमादेष्टा,
होमगार्डस, उ0प्र0,
लखनऊ।

होमगाडर्स अनुभाग लखनऊ दिनांक 17 जुलाई 2018

विषय: कुम्भ मेला 2019 में की डयूटी पर नियोजित होमगार्डस स्वयसेवकों को रू0 80/- प्रतिदिन प्रति होमगार्डस भोजन भत्ता दिये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-6309/लेखा/कुम्भ मेला-131/2018-19 दिनांक 05;09;2018 एवं शासनादेश संख्या-210/छः-नासु-13-245 होगा/12 दिनांक 01.02.2013 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कुम्भ मेला 2019 की ड्यूटी पर नियोजित होमगार्डसस्वयंसेवकों को भोजन भत्ता के रूप में देय रू0 60/- में रू0 20/- की वृद्धि करते हुए रू0 80/- प्रतिदिन प्रति होमगार्डस किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. उक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2018-19 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-74 के लेखाशीर्षक 2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-आयोजनेत्तर-107-होमगार्डस, 09-कुम्भ मेला 2019 के नामे डाला जायेगा।

यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-12-975/दस-2018, दिनांक 04 जुलाई, 2018 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय
सत्येन्द्र कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

........2

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है

........2.........

संख्या-29/2018/1191(1)/पन्चानवे-18 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, आडिट/लेखा (प्रथम/द्वितीय), उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. निदेशक, कोषागार, जवाहर भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
3. कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12
5. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-1/2
6. समस्त मण्डलीय कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, उ0प्र0।
7. समस्त जिला कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, उ0प्र0।
8. बजट सहायक/गार्डबुक।

आज्ञा से,
सत्येन्द्र कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है

संख्या-32/2018/1671/पन्चानबे-18-258 होगा/81

प्रेषक,

सत्येन्द्र कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महासमादेष्टा,
होमगार्डस, उ0प्र0,
लखनऊ।

होमगार्डस अनुभाग लखनऊ दिनांक 27 अगस्त, 2018

विषय: होमगार्डस स्वयंसेवकों के ड्यूटी भत्तों में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासनादेश संख्या-58/2016/257/पन्चानबे-2016-258 होगा/81 दिनांक 08.12.2016 के अनुक्रम मे मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि होमगार्डस स्वयंसेवकों के वर्तमान पारिश्रमिक रूपये 375/- में रू0 125/- की वृद्धि करते हुए रू0 500/- (रूपये पॉच सौ मात्र) प्रतिदिन प्रति होमगार्ड किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2. उपर्युक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2018-19 की अनुदान संख्या-74 के लेखाशीर्षक "2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-आयोजनेत्तर-107-होमगार्डस-03-सामान्य अधिष्ठान की मानक मद 02-मजदूरी" के नामे डाला जायेगा।

यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-12-1281/दस-2018, दिनांक 27 अगस्त, 2018 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय
सत्येन्द्र कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या-32/2018/1671(1)/पन्चानबे-18 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, आडिट/लेखा (प्रथम/द्वितीय) उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. निदेशक, कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12
5. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
6. समस्त डिप्टी कमाण्डेण्ट जनरल/समस्त मण्डलीय कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, उ0प्र0।
7. समस्त जिला कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, उ0प्र0।
8. बजट सहायक/गार्डबुक।

आज्ञा से,
सत्येन्द्र कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या-19/2019/469/पन्चानबे-19-245 होगा/81

प्रेषक,

सत्येन्द्र कुमार सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महासमादेष्टा,
होमगार्डस, उ0प्र0,
लखनऊ।

होमगार्डस अनुभाग लखनऊ दिनांक 18 जून, 2019

विषय: होमगार्डस स्वयंसेवकों के प्रशिक्षण भत्तें को ड्यूटी भत्ते के समान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-2519/परेड प्रशि0-92/2009, दिनांक 07 मार्च, 2019 एवं शासनादेश संख्या-136/छ:नासु-13-245 होगा/81 दिनांक 08.03.2013 के अनुक्रम मे मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि होमगार्डस स्वयंसेवक के ड्यूटी भत्ता में हुयी वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए अनुपात के अनुसार वर्तमान में देय प्रशिक्षण भत्ता रू0 200/- प्रतिदिन के स्थान पर रू0 260/- (रूपया दो सौ साठ मात्र) प्रतिदिन प्रति होमगार्ड निम्नानुसार किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :-

| क्र0सं0 | व्यय की मद | वर्तमान दर | पुनरीक्षित दर |
|---|---|---|---|
| 1. | जेब खर्च (ग्रामीण/शहरी होमगार्डस) | रू0 115/- प्रति होमगार्डस प्रतिदिन | रू0 160/- प्रति होमगार्डस प्रतिदिन |
| 2. | भोजन भत्ता (ग्रामीण/शहरी होमगार्डस) | रू0 85/- प्रति होमगार्डस प्रतिदिन | रू0 100/- प्रति होमगार्डस प्रतिदिन |

2. उपर्युक्त पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के आय-व्ययक की अनुदान संख्या-74 के लेखाशीर्षक "2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-आयोजनेत्तर-107-होमगार्डस-04-भारत सरकार द्वारा आंशिक प्रतिपूर्ति किया जाने वाला व्यय (25 प्रतिशत) की मानक मद 21-छात्रवृत्ति और छात्रवेतन" के नामे डाला जायेगा।

3. उक्त वृद्धि तात्कालिक प्रभाव से लागू होगी।

यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-12-861/दस-2019, दिनांक 13 जून, 2019 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
सत्येन्द्र कुमार सिंह
विशेष सचिव।

...........2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

........2.......

<u>संख्या-19/2019/469(1)/पन्चानबे-19 तददिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, आडिट/लेखा (प्रथम/द्वितीय) उ0प्र0, प्रयागराज।
2. निदेशक, कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12
5. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
6. समस्त डिप्टी कमाण्डेण्ट जनरल/समस्त मण्डलीय कमाण्डेण्ट/समस्त जिला कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, उ0प्र0 द्वारा महासमादेष्टा होमगार्डस।
7. बजट सहायक/गार्डबुक।

आज्ञा से,
निर्मला श्रीवास्तव
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

<u>संख्या-59/2019/ 1834/पन्चानबे-19-46 रिट/15 टी0सी0 ।।।</u>

प्रेषक,

अनिल कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महासमादेष्टा,
होमगार्डस, उ0प्र0,
लखनऊ।

होमगार्डस अनुभाग                                        लखनऊ दिनांक : 23 सितम्बर, 2019

विषय: मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 30.07.2019 के क्रम में होमगार्डस स्वयंसेवकों का ड्यूटी भत्ता पुलिस कार्मिक के समान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मा0 उच्च न्यायालय, इलाहाबाद द्वारा विशेष अपील संख्या-735/2016 में पारित आदेश 06.12.2016 एवं मा0 उच्चतम न्यायालय में विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या-2264/2017 एवं 5853/2017 में पारित आदेश दिनांक 30.07.2019 के अनुक्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 06.12.2016 से होमगार्डस स्वयंसेवकों का ड्यूटी भत्ता पुलिस कार्मिक के न्यूनतम वेतन रू0 18,000/- को 30 दिन के माह के आधार पर प्रतिदिन रू0 600/- एवं इसमें शासन द्वारा समय-समय पर निर्धारित महंगाई भत्ते को जोडते हुए अनुमन्य किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. होमगार्डस स्वयंसेवकों के डयूटी भत्ते का नकद भुगतान 01 सितम्बर, 2019 से किया जायेगा। एरियर के भुगतान के सम्बन्ध में अलग से आदेश निर्गत किया जायेगा।

3. उपर्युक्त पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2019-20 की अनुदान संख्या-74 के लेखाशीर्षक "2070-अन्य प्रशासनिक सेवायें-आयोजनेत्तर-107-होमगार्डस-03-सामान्य अधिष्ठान की मानक मद 02-मजदूरी" के नामे डाला जायेगा।

यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-12-1428/दस-2019, दिनांक 20 सितम्बर, 2019 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय
अनिल कुमार
प्रमुख सचिव।

..........2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है

http://shasanadesh.up.nic.in

..........2........

<u>संख्या-59/2019/1834(1)/पन्चानबे-19 तददिनांक।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, आडिट/लेखा (प्रथम/द्वितीय) उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. निदेशक, कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3. मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
4. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12
5. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2
6. समस्त डिप्टी कमाण्डेण्ट जनरल/समस्त मण्डलीय कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, उ0प्र0।
7. समस्त जिला कमाण्डेण्ट, होमगार्डस, उ0प्र0।
8. बजट सहायक/गार्डबुक।

आज्ञा से,
सत्येन्द्र कुमार सिंह
विशेष सचिव।

http://Shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है

**संख्या-2025/पन्चानबे-19-258 होगा/81**

सत्येन्द्र कुमार सिंह,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महासमादेष्टा,
होमगार्ड्स, उ0प्र0,
लखनऊ।

होमगार्ड्स अनुभाग                                        लखनऊ, दिनांक: 22 अक्टूबर, 2019

विषय: अन्तर्जनपदीय ड्यूटियों एवं विभिन्न सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में भुगतान के आधार पर नियोजित होने वाले होमगार्ड्स स्वयंसेवकों/अवैतनिक अधिकारियों को अतिरिक्त ड्यूटी भत्ता धनराशि स्वीकृत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-12557/कार्मिक/प्रस्ताव-39/2017, दिनांक 14 अक्टूबर, 2019 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या-52/2015/1160/छ:नासु-15-71 होगा/04, दिनांक 23-07-2015 तथा शासनादेश संख्या-02/2017/406/पन्चानबे-17-258 होगा/81, दिनांक 15-03-2017 में कोई संशोधन नही किया गया है। अत: उक्त शासनादेश दिनांक 23-07-2015 व 15-03-2017 में की गयी व्यवस्था यथावत लागू है। शासनादेश दिनांक 23-07-2015 द्वारा विभिन्न सार्वजनिक उद्यमों/ स्थानीय निकायों, शैक्षणिक संस्थाओं, शासकीय तथा अर्द्ध शासकीय संस्थाओं में कामर्शियल ड्यूटी पर नियोजित होने वाले होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को सामान्य ड्यूटी भत्ते के अतिरिक्त कामर्शियल ड्यूटी भत्ते की धनराशि में रू0 10/- प्रतिदिन प्रति होमगार्ड्स अधिक भुगतान किये जाने तथा शासनादेश दिनांक 15-03-2017 द्वारा होमगार्ड्स स्वयंसेवकों के अन्तर्जनपदीय ड्यूटी पर नियोजित होने पर होमगार्ड्स स्वयंसेवकों को देय दैनिक ड्यूटी भत्ता के अतिरिक्त रू0 30/- का भुगतान यथावत किया जायेगा।

भवदीय

(सत्येन्द्र कुमार सिंह)
विशेष सचिव

संख्या-69/2019/949/पन्चानवे-2019-322 होगा/01

प्रेषक,

अनिल कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महासमादेष्टा,
होमगार्डस, उ0प्र0,
लखनऊ।

होमगाडर्स अनुभाग लखनऊ दिनांक : 13 दिसम्बर, 2019

विषय: अवैतनिक कम्पनी कमाण्डर, सहायक कम्पनी कमाण्डर एवं प्लाटून कमाण्डर के मानदेय में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

